Seventeenth Loksabha

>

Title: Need of a subsidy scheme for nutritious diet of animals-laid.

डॉ. ढालसिंह बिसेन (बालाघाट): उनकी पशुधन को स्वस्थ्य रखने की दिशा में सरकार की ओर सस्ते दर पर या सब्सिडी पर पौष्टिक आहार दिये जाने की योजना बनाना चाहिए। संपूर्ण देश में खाद्यान्न का भरपूर उत्पादन हो रहा है जिसका भलीभांति उपयोग न होने से हजारों टन अनाज सड़ जाता है। यदि इसका उपयोग किसानों के पशुआ के आहार हेतु सस्ते दर पर दिया जाता है तो ये हजारो टन अनाज जो सड जाता है उसका उपयोग होगा तथा पशुओ को स्वस्थ्य रखने की दिशा में कारगर कदम होगा। पौष्टिक आहार सब्सिडी या सस्ते दर पर उपलब्ध होने पर पशुपालकों/गौशालाओं को आर्थिक मदद होगी तथा उनकी आर्थिक स्थिति में सुधार होगा साथ ही पशुओं के स्वस्थ होने पर दूध का उत्पादन बढ़ेगा एवं गोबर से जैविक खाद बनेगा जिसका सीधा असर मनुष्यों के स्वास्थ्य पर पड़ेगा।

सरकार से आग्रह है कि जिस प्रकार मनुष्यों को सस्ते दर पर खाद्यान्न उपलब्ध कराया जाता है वैसे ही पशुओ के लिए पशुपालकों/ गौशालाओं को सस्ते दर पर या सब्सिडी में पौष्टिक आहर उपलब्ध कराने का कष्ट करेंगे। सरकार का यह कदम देश के किसान भाईयों और पशुपालको की आर्थिक समृद्धि के लिए कारगर कदम साबित होगा।